**कार्रवाई** इमरजेंसी गेट के सामने सीट लगाने वाली 8 बसों के फिटनेस निरस्त, वसूला जुर्माना

# लंबे समय बाद सड़क पर उतरे एआरटीओ



**कटनी, नवभारत।** जिले में यात्री सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने लंबे समय बाद सख्ती दिखाई है। लंबे समय बाद अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) संतोष पॉल खुद दफ्तर से बाहर निकलकर सड़क पर एक्शन मोड में नजर आए। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर परिवहन और यातायात विभाग ने बुधवार को कटनी बस स्टैंड पर संयुक्त रूप से एक सघन जांच अभियान चलाया।

### नियमित जांच नहीं होने से बढ़ी वाहन चालकों की मनमानी

दरअसल, लंबे समय से विभाग द्वारा नियमित रूप से जांच अभियान न चलाए जाने के कारण क्षेत्र में वाहन चालकों और बस ऑपरेटरों की मनमानी चरम पर पहुंच चुकी है। समय-समय पर चेकिंग न होने का फायदा उठाकर कई बस संचालक नियमों को ताक पर रखकर वाहन दौड़ा रहे हैं। बुधवार को जब अचानक, ऋझह संतोष पॉल की अगुवाई में टीम जांच करने पहुंची, तो बस स्टैंड पर हड़कंप मच गया।

### 41 बसों का निरीक्षण, गंभीर लापरवाही उजागर

इस संयुक्त अभियान के दौरान टीम ने कुल 41 यात्री बसों का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच में 7 बसों के भीतर विभिन्न प्रकार की कमियां और खामियां पाई गईं, जिन पर मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए 7 हजार रुपये का जुर्माना मौके पर ही वसूला गया।

### यात्रियों की जान से खिलवाड़: 8 बसों के फिटनेस तत्काल प्रभाव से रद्द

नियमित चेकिंग के अभाव में बस संचालक किस कदर बेखौफ हो चुके हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 8 बसों में आपातकालीन निकास (इमरजेंसी डोर) के ठीक सामने सीटें फिट कर दी गई थीं। आपातकाल की स्थिति में यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाली इस गंभीर लापरवाही को प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया। एआरटीओ संतोष पॉल ने तुरंत कड़ा रुख अपनाते हुए इन सभी 8 बसों के फिटनेस सर्टिफिकेट तत्काल प्रभाव से निरस्त (कैंसिल) कर दिए। अधिकारियों ने साफ लहजे में चेतावनी दी है कि जब तक इन बसों में निर्धारित मानकों के अनुसार पूरी तरह सुधार नहीं कर लिया जाता और दोबारा री-इंस्पेक्शन नहीं होता, तब तक इनका फिटनेस बहाल नहीं किया जाएगा।



## कांग्रेस के नवनियुक्त प्रकोष्ठ अध्यक्षों का हुआ स्वागत

**कटनी।** जिला कांग्रेस कार्यालय आस्था प्लाजा कटनी में कांग्रेस संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठों के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों के सम्मान एवं स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन द्वारा हाल ही में नियुक्त किए गए पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजमणि तिवारी, खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अशोक मौर्य, बेरोजगार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्री रमेश अहिरवार तथा वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुकेश मिश्रा का जिला कांग्रेस कार्यालय में सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला ने सभी नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को पुष्पमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से निर्वहन करेंगे तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और जनहित के मुद्दों को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### एक नजर में

#### मार्शल आर्ट ताइक्वाण्डो का शिविर एवं टेस्ट सम्पन्न

**कटनी।** म.प्र. ताईक्वाण्डो संघ से सम्बद्ध जिला ताईक्वाण्डो संघ का मार्शल आर्ट ताईक्वाण्डो प्रशिक्षण सत्र एवं प्रोन्नत बेल्ट प्रदान करने का फाइनल सत्र जिला संघ के हॉल में सम्पन्न हुआ। फाइनल चक्र में प्रशिक्षक पैनल ने खिलाडियों का बेल्ट टेस्ट लेकर परिणाम घोषित किया। व्हाईट से यलो बेल्ट के लिए रितिका खरे, सचिन तिवारी, श्रेया जैन ने क्वालिफाई किया। इसी तरह यलो से हाई यलो के लिए श्रेष्ठ सोनी अभिमन्यु नायक, अनुस्मिता नायक, एकांश चौरसिया, स्वदिश गुप्ता, रूद्रप्रताप सिंह ठाकुर, प्रताप राज सिंह ठाकुर, श्रीजा सोनी ने तो हाई यलो से ग्रीन बेल्ट श्रेणी में युवांश अग्रवाल, अनादिक जैन, मोसित जैन, वैष्णवी तिवारी, सिद्धी डेंगरे, रिद्धी जैन, अवनी वोहरा, देवेश चतुर्वेदी ने क्वालीफाई किया। निशिका झॉ, शुभांग सोनी ग्रीन से हाई ग्रीन बेल्ट क्वालीफायर रहे। हाईग्रीन से ब्लू बेल्ट के लिए खिलाड़ी नमामि सोनी, आयुषी वसानी, प्रोन्नत घोषित की गई। बेल्ट टेस्ट परीक्षा प्रकाश बरसैंया (ब्लैक बेल्ट थर्ड डॉन) के नेतृत्व में रैफरी विकास नामदेव, आशीष लहोरिया, मनोज जैन ने सम्पन्न कराई। खिलाडि़यों को जिला ताईक्वाण्डो संघ अध्यक्ष डॉ. दीपक सक्सेना, विनय कनकने, सुधेश टुड़हा, शैलेन्द्र डेंगरे, गोविन्द गुप्ता, बंटू बिलैया ने बधाईयां दी।

## पूर्व विधायकों को मिले प्रोटोकॉल में स्थान, शासन से नियमित संवाद की मांग

**कटनी में एक्स एमएलए फोरम की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित**




**नवभारत, कटनी।** पूर्व विधायकों के हितों एवं जनसरोकारों से जुड़े विषयों पर सक्रिय संगठन एक्स एमएलए फोरम की जिला कटनी चैप्टर की बैठक स्थानीय माधवनगर स्थित सर्किट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के पूर्व विधायकों की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाने और शासन-प्रशासन से समन्वय स्थापित करने संबंधी कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में मांग की गई कि पूर्व विधायकों को प्रदेश के प्रोटोकॉल में शामिल किया जाए, जिससे उनके सार्वजनिक जीवन में दिए गए योगदान को संस्थागत सम्मान मिल सके। साथ ही जिला स्तर पर शासन एवं प्रशासन द्वारा पूर्व विधायकों से नियमित सौजन्य भेंट और संवाद की व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में कहा गया कि अनेक जनसमस्याएं पूर्व विधायकों के माध्यम से प्रभावी ढंग से शासन तक पहुंच सकती हैं, जिससे उनके त्वरित निराकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि प्रदेशभर में सक्रिय पूर्व विधायकों के अनुभव और सामाजिक ऊर्जा का उपयोग जनहित एवं विकास कार्यों में किया जाए। इसके लिए मुख्यमंत्री स्तर पर पूर्व विधायकों से नियमित संवाद एवं संपर्क की व्यवस्था प्रारंभ करने की आवश्यकता जताई गई। बैठक में यह भी कहा गया कि अधिकांश पूर्व विधायक वरिष्ठ नागरिक हैं। प्रदेश सरकार जिस प्रकार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है, उसी भावना के अनुरूप पूर्व विधायकों के प्रति भी सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए उनके सम्मान एवं सहयोग की उपयुक्त

कार्यप्रणाली विकसित की जानी चाहिए। बैठक में क्षेत्रहित से जुड़े अन्य समसामयिक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूर्व विधायक सुकृति जैन, पूर्व विधायक श्रीमती सरोज नायक तथा पूर्व विधायक गिरिराज किशोर राजू पोद्दार उपस्थित रहे। अन्य पूर्व विधायक कटनी से बाहर होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने दूरभाष के माध्यम से बैठक में लिए गए निर्णयों पर अपनी सहमति व्यक्त की। बैठक में उपस्थित पूर्व विधायकों का स्वागत भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अर्पित पोद्दार एवं पूर्व पार्षद बच्चू निषाद ने किया। बैठक के समापन से पूर्व लमतरा ओवरब्रिज बस हादसे में दिवंगत हुए नागरिकों तथा कटनी जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के अब तक के सभी दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व विधायक लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण धरोहर हैं। उनके अनुभव, जनसंपर्क और प्रशासनिक समझ का उपयोग शासन एवं समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में किया जा सकता है। बैठक का समापन दिवंगत जनप्रतिनिधियों एवं हादसे के मृतकों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर किया गया।






### बाबा माधवशाह चिकित्सालय में आधुनिक सुविधाओं के साथ चिकित्सा सेवाओं का विस्तार

**कटनी।** माधवनगर कटनी की चिकित्सा की आवश्यकता को देखते हुए सतगुरु बाबा नारायण शाह साहिब जी ने मानव सेवा ही माधव सेवा के मूल मंत्र के साथ 21अप्रेल 1985 में बाबा माधवशाह चिकित्सालय की नींव रख निर्माण कार्य की शुरूआत कराया। जो सतगुरु बाबा गोविन्दशाह जी की देख-रेख मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। जिसका लोकार्पण 15 फरवरी 1991को हुआ यह उस समय माधवनगर के एक वरदान साबित हुआ न्यूनतम दरों पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्धता के साथ चिकित्सक सेवा भाव सेवाएं प्रदान करते जिसका लाभ हजारों जरूरतमंदों को मिलता रहा नित्य विस्तार किया जाता वर्ष में 10-12 नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर सेवा भाव से निरोगी बनाने की सेवाएं प्रदान करते नि:शुल्क दवाइयां नि:शुल्क परीक्षण किया जाता जिसमें कटनी, जबलपुर, नागपुर, रायपुर, मुम्बई, दिल्ली, सहित अनेक नगरों के विशेषज्ञ चिकित्सक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करते।

## कटनी की दाल मिल में भीषण आग

**हजारों क्विंटल दाल जलकर राख, तीन दमकलों ने घंटों की मशक्कत से पाया काबू**

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया स्थित एस. के. एग्रो फर्म की दाल मिल में बुधवार दोपहर भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे मिल परिसर में रखा हजारों क्विंटल दाल का स्टॉक जलकर नष्ट हो गया। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसे बुझाने के लिए दमकल विभाग के तीन अग्निशमन वाहनों को मौके पर बुलाना पड़ा। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास के हिस्सों में आग फैलने से रोका। घटना में मिल संचालक को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।






### संचालनालय भोपाल ने कार्यवाही के लिए कटनी कलेक्टर को लिखा पत्र

# मेसर्स केपी अवस्थी से होगी 7 .31 करोड़ रुपए की वसूली

**खनिज चोरी का हाई प्रोफाइल मामला**

**कटनी, नवभारत।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले में अवैध उत्खनन और खनिज चोरी के मामलों पर प्रशासन का शिकंजा कसता नजर आ रहा है। भोपाल स्थित भौमिकी तथा खनिकर्म संचालनालय ने कटनी के एक बड़े खनिज कारोबारी के खिलाफ 7 करोड़ से अधिक की बकाया राशि वसूलने के लिए कटनी कलेक्टर को कड़े निर्देश जारी किए हैं।

### क्या है पूरा मामला?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कटनी जिले के विजयराघौगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम मोहन कलेहरा निवासी मेसर्स के.पी. अवस्थी (प्रोपराइटर प्रसाद अवस्थी) के विरुद्ध खनिज चोरी का मामला दर्ज था।

इस संबंध में तत्कालीन कलेक्टर महोदया द्वारा 15 मार्च 2010 को एक आदेश पारित किया गया था, जिसके तहत खनिज चोरी की रॉयल्टी से संबंधित कुल 7,31,56,160 (सात करोड़ इकतीस लाख छप्पन हजार एक सौ साठ रुपये) की पेनल्टी/वसूली निकाली गई थी।

### प्रशासनिक महकमे में हड़कंप

खनिज विभाग द्वारा इतने पुराने और बड़े मामले में अचानक फाइल खुलने और सीधे भोपाल से रिकवरी के आदेश आने के बाद स्थानीय खनिज माफिया और संबंधित पक्षों में हड़कंप मच गया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि जिला प्रशासन इस करोड़ों रुपये की राजस्व वसूली को लेकर कितनी तत्परता दिखाता है।

### संचालनालय ने दिए सख्ती के निर्देश

लंबे समय से लंबित इस वसूली मामले में अब भोपाल संचालनालय ने कड़ा रुख अपनाया है। संचालनालय के संयुक्त संचालक जितेन्द्र कुमार सोलंकी द्वारा कटनी कलेक्टर (खनिज शाखा) को पत्र (क्रमांक /308746/2025) जारी कर निर्देशित किया गया है कि इस मामले में प्राप्त पत्र को मूलत: संलग्न करते हुए नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाए। साथ ही, अनावेदक से इस भारी-भरकम राशि की वसूली कर, की गई कार्रवाई से संचालनालय को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।









**कार्यक्रम** जल संरक्षण एवं स्वावलंबन का दिया संदेश

# घाघरी कला में 1100 दीपकों से सजा विशाल दीपयज्ञ



**कटनी, नवभारत।** अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला कटनी की टीम द्वारा ग्राम घाघरी कला में 1100 दीपकों के साथ विशाल दीपयज्ञ, जल संरक्षण कार्यक्रम, स्वावलंबन संगोष्ठी एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

परम पूज्य गुरुदेव के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में विगत दो माह से संचालित जनजागरण कार्यक्रमों की श्रृंखला का यह महत्वपूर्ण आयोजन घाघरी कला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने पूरे उत्साह, लगन एवं निष्ठा के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हुए समाज एवं राष्ट्र निर्माण के शुभ संकल्प लिए।

ग्रामवासियों ने संकल्प व्यक्त किया कि भविष्य में भी गायत्री परिवार के ऐसे रचनात्मक एवं संस्कारमूलक कार्यक्रम गांव में आयोजित होते रहेंगे तथा वे निरंतर सामाजिक जागरण, जल संरक्षण, स्वावलंबन एवं नैतिक मूल्यों के प्रसार से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। साथ ही सामाजिक कुरीतियों को समाप्त कर सद्प्रवृत्तियों को बढ़ावा देने का भी संकल्प लिया गया।

1100 दीपकों से सजे विशाल दीपयज्ञ ने पूरे गांव को दीपावली जैसा आलोकित वातावरण प्रदान किया। दोपहर से प्रारंभ हुए कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। देर रात तक चले भंडारे एवं प्रसाद वितरण में उपस्थित जनसमुदाय ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक एकता एवं जनकल्याण के संदेश को सशक्त रूप से प्रसारित किया।

### संघमित्रा एक्सप्रेस से गिरा यात्री, हालत गंभीर

**नवभारत, कटनी।** दानापुर से बेंगलुरु जा रही संघमित्रा एक्सप्रेस (12296) से मैहर और अमदरा स्टेशन के बीच एक यात्री चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। उसे कटनी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। अमदरा स्टेशन से सूचना मिलने पर रेलवे कर्मचारियों एवं 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल को मौके से निकालकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार घायल के सिर में गंभीर चोट है और उसका आईसीयू में उपचार जारी है।





